न्यायालय अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, दौसा

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए

सरकार जरिये जिला पुलिस अधीक्षक दौसा
बनाम
राजेन्द्र उर्फ बबलू पुत्र भीमाराम माली
किस्म मुकदमा : इस्तगासा अन्तर्गत गुण्डा एक्ट

मु0नं0 38/2014

27.05.2024

पत्रावली पेश हुई। पत्रावली का अवलोकन किया गया। गैरसायल राजेन्द्र उर्फ बबलू पुत्र भीमाराम जाति माली निवासी पाखर सायपुर थाना मण्डावर जिला दौसा के विरूद्ध राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1975 की धारा 3 के अन्तर्गत कार्यवाही करने बाबत इस्तगासा जरिये पुलिस अधीक्षक दौसा द्वारा दिनांक 4.3.2014 को इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। गैरसायल की तलबी हेतु पूर्व में जारी नोटिस की तामील में अंकितानुसार राजेन्द्र उर्फ बबलू पुत्र भीमाराम जाति माली नाम का कोई व्यक्ति नहीं है। इस्तगासे में नाम गलत होने की स्थिति में गैरसायल के विरूद्ध इस न्यायालय द्वारा कोई कार्यवाही किये जाने का औचित्य नहीं है। अतः इस्तागासा इस आशय के साथ खारिज किया जाता है कि गैरसायल एवं उससे सम्बन्धित नवीन अपराधिक रिकॉर्ड के सम्बन्ध में जांच कर नियमानुसार अपेक्षित हो तो नवीन इस्तगासा पेश किया जा सकता है। निर्णय की प्रति पुलिस अधीक्षक महोदय दौसा को प्रेषित की जावें। पत्रावली फैसल शुमार की जाकर नम्बर से कम हो एवं बाद पूर्ति प्रविष्ठ अभिलेखागार की जावे। निर्णय आज दिनांक 27.5.2024 को मेरे द्वारा खुले न्यायालय में सुनाया गया।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(सुमित्रा पारीक)
अति0 जिला मजिस्ट्रेट
दौसा

Signature Not Verified

Digitally signed by Sumitra Pareek
Date: 2024.06.07 18:09:28 IST
Reason: SelfAttested